कार्यालयः— उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या—02 / 36 / अति—5 / 2025—2026
प्रयागराजः दिनांकः— 03 जून 2026

## विज्ञप्ति

**सहायक आचार्य, राजकीय महाविद्यालय (प्रा0) परीक्षा—2025 जो दिनांक 31 मई 2026** को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक **केवल सामान्य अध्ययन** (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, वाणिज्य, चित्रकला, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, इतिहास, गृह विज्ञान, गणित, सैन्य विज्ञान (रक्षा अध्ययन), दर्शनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, भौतिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संगीत गायन, संगीत वादन—सितार, संगीत वादन—तबला, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू, जन्तु विज्ञान, सांख्यिकी, कम्प्यूटर साइंस एवं फारसी) (प्र0 सं0 01—30 तक) से संबंधित **प्रश्नपत्र को स्कैन कर प्रश्न एवं उनके उत्तर** आयोग की वेबसाइट— https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक **09 जून 2026** तक उपलब्ध है। प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही उत्तरों को हाईलाइट व अण्डरलाईन (आयताकार खाने में)** कर दिया गया है। **अभ्यर्थीगण, आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड क्रम सं0— 1005873 के आधार पर अपने उत्तरों का मिलान कर लें। यदि आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्नोत्तरों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो बार—कोड क्रम सं0— 1005873 की प्रश्न—पुस्तिका में अंकित प्रश्नों की क्रम संख्या एवं उसी के अनुसार सही विकल्पों का उल्लेख करते हुए निर्धारित प्रारूप पर पूरा प्रश्न लिखेंगे तथा आयोग का उत्तर एवं आपत्ति के रूप में प्रस्तावित उत्तर सहित विकल्पों यथा—a,b,c,d भी लिखेंगे।**

अतः अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उन्हें प्रश्नोत्तरों में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन / आपत्ति (संगत साक्ष्य सहित—नीचे दिये गये प्रारूप पर) अनिवार्यतः सभी विषयों के केवल सामान्य अध्ययन (प्रश्न सं0—01 से 30 तक) हेतु **आयोग को एक बन्द लिफाफे में**, जो परीक्षा नियंत्रक, अतिगोपन—5 अनुभाग, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज—211018 को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर, दिनांक **09 जून 2026 के सायं 05.00 बजे तक** किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के / अपठनीय व असंगत साक्ष्य युक्त तथा भिन्न बारकोड क्रम संख्या के आधार पर प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। आपत्ति से संबंधित प्रेषित लिफाफे के ऊपर विषय का अंकन अवश्य करें।

**नोटः—आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड क्रम सं0— 1005873 में अंकित प्रश्न—संख्या एवं विकल्प के अनुसार ही आपत्ति दें** (केवल प्र0 सं0 01 से 30 तक)।

### प्रारूप

1—अभ्यर्थी का नाम....................................................
2—अनुक्रमांक...........................................................
3—परीक्षा का नाम,.....................................................
4—विषय का नाम........................................................

| क0सं0 | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड क0सं0— 1005873 के अनुसार प्रश्न सं0 व प्रश्न | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम सं0— 1005873 के अनुसार आयोग का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड क्रम सं0— 1005873 के अनुसार प्रत्यावेदक का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर.....................................................

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।